संख्या- 06/2018/807जेड/6-सा-3-2018-27जी/15टीसीए

प्रेषक,

सूर्य कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
उ0प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
दरबारी लाल शर्मा भवन, लखनऊ।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-3 **लखनऊ: दिनांक: 30 मार्च, 2018**

विषय: वित्तीय वर्ष 2017-18 में लोकतंत्र सेनानियों को बकाया सम्मान राशि दिये जाने हेतु पुनर्विनियोग के माध्यम से अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1288/छः-स्व0से0/2018 दिनांक 28-03-2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु अनुदान खंख्या-28 के लेखाशीर्षक-2235 सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण आयोजनेत्तर-60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम-107-स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना-03-स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके आश्रितों को पेंशन-33-पेंशन/आनुतोषिक/अन्य सेवानिवृत्तिक हित लाभ मद में उपलब्ध बचत में से **05 जनपदों (सिद्धार्थनगर, महोबा, शामली, कुशीनगर एवं पीलीभीत)** (जनपदवार सूची/विवरण संलग्न) को अतिरिक्त रूप से निम्न मद में रू0 11,77,73,000 (रू0 ग्यारह करोड़ सतहत्तर लाख तिहत्तर हजार मात्र) की पूर्व में पुनर्विनियोजित धनराशि में स्वीकृति हेतु अवशेष धनराशि रू0 862 (रू0 आठ सौ बासठ मात्र) को सम्मिलित करते हुए कुल धनराशि रू0 47,38,862 (रू0 सैतालीस लाख अड़तीस हजार आठ सौ बासठ मात्र) में से रू0 47,38,800 (रू0 सैतालीस लाख अड़तीस हजार आठ सौ मात्र) दिये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

लेखा शीर्षक/मद	**स्वीकृत धनराशि (हजार रूपयों में)**
लेखाशीर्षक-2235सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण आयोजनेत्तर-60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम-800-अन्य व्यय-03-आपातकालीन अवधि में मीसा एवं डी0आई0आर0 में बन्द प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को सम्मान राशि का भुगतान, 42-अन्य व्यय	**47,38,800**
योग रू0	**47,38,800**

(रू0 सैतालीस लाख अड़तीस हजार आठ सौ मात्र)

1- उक्त स्वीकृत इस शर्त के अधीन है कि जिस मद में बचत दर्शायी जा रही है उस मद में चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में अतिरिक्त धनराशि की मांग नही की जायेगी।

2- पुनर्विनियोग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही धनराशि का सदुपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 तक कर लिया जायेगा।

3- केवल बजट व्यवस्था के उद्देश्य से पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि प्रदान की जा रही है। धनराशि स्वीकृत किये जाने के विषय में समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुये औचित्य का परीक्षण कर लेंगें तथा सुसंगत वित्तीय नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप धनराशि के उपयोग का सम्पूर्ण दायित्व आपका होगा।

4- जिस प्रयोजन हेतु धनराशि की मांग की जा रही है उसी मद में ही आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

क्रमशः-२

http://shasanadesh.up.nic.in

5- यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पुनर्विनियोग से उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-150, 151 व 154 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लंघन नहीं होता है।

6- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-28 के लेखाशीर्षक 2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-आयोजनेत्तर-60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम-800-अन्य व्यय-03-आपातकालीन अवधि में मीसा एवं डी0आई0आर0 में बन्द प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को सम्मान राशि का भुगतान,42-अन्य व्यय की मद के नामे डाला जायेगा तथा उक्त अनुदान के ही लेखाशीर्षक-2235 सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण आयोजनेत्तर-60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम-107-स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना-03-स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके आश्रितों को पेंशन-33-पेंशन/आनुतोषिक/अन्य सेवानिवृत्तिक हित लाभ मद की सम्भावित बचत से पुनर्विनियोग कर वहन किया जायेगा।

<u>संलग्नक:</u> यथोक्त

भवदीय,

(सूर्य कुमार)
उप सचिव।

<u>संख्या-06/2018/807(1)जेड/6-सा-3-2018 तत्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- वरिष्ठ आडिट ऑफिसर (आडिट/प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन, 15-थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4- मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर,महोबा, शामली,कुशीनगर एवं पीलीभीत को इस आशय से कि उक्त धनराशि से सम्बन्धित व्यय विवरण जिसमें लोकतंत्र सेनानियों की संख्या एवं धनराशि का स्पष्ट अंकन करते हुये महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद को प्रेषित करते हुये शासन को भी उपलब्ध कराने हेतु।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12 उ0प्र0 शासन।
8- आहरण एवं वितरण अधिकारी।
9- इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेट सेल, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय, को वेब साइड पर अपलोड करने हेतु।
10- राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1/2/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
11- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सूर्य कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>शासनादेश संख्या-06/2018/807जेड/6-सा-3-2018-27जी/15टी0सी0ए0 का संलग्नक</u>

जनपदवार बकाया धनराशि का विवरण

क्रमांक	जनपद का नाम	लोकतंत्र रक्षक सेनानियों/आश्रितों की बकाया राशि
1	**2**	**3**
1.	सिद्धार्थनगर	1,40,500
2.	महोबा	8,02,300
3.	शामली	4,95,000
4.	कुशीनगर	18,54,500
5.	पीलीभीत	14,46,500
	कुल योग-	**47,38,800**

(रू0 सैतालीस लाख अड़तीस हजार आठ सौ मात्र)

(सूर्य कुमार)
उप सचिव।

http//shasanadesh.up.nic.in